# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अलवर (राजस्थान)

| प्रार्थना पत्र संख्या | रजिस्टेशन नं0 | प्रवेश तिथि | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|---|
| 15/42/2020 | 2020/00193 | 27/07/2020 | 28.11.2022 |

1. बैंक ऑफ महाराष्ट्र, शाखा बहरोड़, जिला अलवर (राजस्थान)।

—प्रार्थी

**बनाम**

1. श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री गबदू सिंह, निवासी ग्राम सालपुर नगहोरी, तहसील नीमराना, जिला अलवर 301705 (राजस्थान)
2. श्रीमती किरोस्ता पत्नी श्री नरेन्द्र सिह, निवासी ग्राम सालपुर नगहोरी, तहसील नीमराना, जिला अलवर 301705 (राजस्थान)
3. श्री हेमन्त पुत्र बालकेश कुमार, निवासी ग्राम भीमसिंहपुरा, तहसील बहरोड़ माजरी कंला जिला अलवर 301703 (राजस्थान)
4. मैसर्स ग्लोबल पावर सेल्स एण्ड सर्विसेस प्रे0 श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री गबदू सिंह, निवासी ग्राम सालपुर नगहोरी, तह0 नीमराना,जिला अलवर 301705 (राजस्थान) (ऋण खाता ब)

—अप्रार्थीगण/ऋणी

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 दी सिक्योरटाईजेशन एण्ड रीकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेंशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002**

**—:: निर्णय ::—**

प्राधिकृत अधिकारी की ओर से यह प्रार्थना अन्तर्गत धारा 14 दी सिक्योरटाईजेशन एण्ड रीकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002 प्रस्तुत किया गया। जिसके द्वारा निवेदन किया गया है कि प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थी को "ऋण खाता अ" में दिनांक 24.04.2018 को 22,00,000/—रूपये (Rupees Twenty Two Lakh Rupees Only) एवं "ऋण खाता ब" में दिनांक 24.04.2018 को 7,00,000/—रूपये (Rupees Seven Lakh Rupees Only) जो Total Aggregating Loan Amount Rs. 29,00,000/—रूपये (Rupees Twenty Nine Lakh Rupees Only) उपलब्ध कराई थी, जो "ऋण खाता अ" में दिनांक 07.10.2019 को 8,26,481/—रूपये (Rupees Eight Lakh Twenty Six Thousand Four Hundred Eighty One Rupees Only) एवं "ऋण खाता ब" में दिनांक 13.11.2019 को 7,29,781.75/—रूपये (Rupees Seven Lakh Twenty Nine Thousand Seven Hundred Eithty One Rupees & Seventy Five Paisa Only) जो की कुल राशी 15,56,262.75/—रूपये ( Rupees Fifteen Lakh Fifty Six Thousand Two Hundred Sixty Two Rupees & Seventy Five Paisa Only ) है। ब्याज/लेट पेमेन्ट पेनेल्टी/अन्य चार्जेज के सहित एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे की अदायगी। तथा अप्रार्थी ऋणीयों/जमानतदारो द्वारा ऋण के पेटे में प्रतिभूति के बतौर अप्रार्थीगण द्वारा स्वंय की सम्पत्ति ***"श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री गबदू सिंह की मकान नं0 195, पट्टा नं0 33, मेहता का मौहल्ला, पानी की टंकी के पास, ग्राम—सिलारपुर ग्राम पंचायत सिलारपुर, पंचायत समिति नीमराना, पोस्ट—नागहोरी, तहसील—नीमराना जिला अलवर (राज0) स्थित आवासिय सम्पत्ति (बैंक में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार क्षेत्रफल 1407 वर्गफीट) तथा ऋण खाता (ब) मैसर्स ग्लोबल पावर सेल्स एण्ड***

जिला मजिस्ट्रेट
अलवर (राज0)

***सर्विसेज का हाईपोथिकेटेड स्टॉक एण्ड बुक–डेब्ट्स"*** को रहन रखा गया था। अप्रार्थी ने तयशुदा शर्तों के मुताबिक प्रार्थी द्वारा दिए गए ऋण का भुगतान नहीं किया।

उक्त ऋण राशि की अदायगी के लिए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत दिनांक 07.10.2019 एंव दिनांक 15.11.2019 के द्वारा नोटिस भेजा गया परन्तु अप्रार्थीगण के द्वारा ऋण राशि की अदायगी नही की गई। प्रार्थी ने उपरोक्त ***"श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री गबदू सिह की मकान नं0 195, पट्टा नं0 33, मेहता का मौहल्ला, पानी की टंकी के पास, ग्राम–सिलारपुर, ग्राम पंचायत सिलारपुर, पंचायत समिति नीमराना, पोस्ट नागहोरी, तहसील नीमराना, जिला अलवर (राज0) स्थित आवासीय सम्पत्ति (बैंक में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार क्षेत्रफल 1407 वर्गफीट) तथा ऋण खाता (ब) मैसर्स ग्लोबल पावर सेल्स एण्ड सर्विसेज का हाईपोथिकेटेड स्टॉक एण्ड बुक–डेब्ट्स"*** को दिनांक 17.09.2019 को नो परफोर्मिंग एसेट्स घोषित कर दिया गया है जिसका कब्जा लेने का अधिकार बैंक को है।

प्रार्थी प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित आया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से जाहिर है कि प्रार्थी बैंक ने नियमानुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली है। किसी भी न्यायालय से कोई स्थगन आदेश नही है। प्राधिकृत अधिकारी के कथन पर विश्वास कर उनके द्वारा दिये गये शपथ पत्र के आधार पर प्रार्थी बैंक का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रहन रखी सम्पत्ति को कब्जे में लेकर प्रार्थी बैंक को सम्भलवाने के आदेश निम्न शर्तो पर दिये जाते है:–

1- रहनशुदा सम्पत्ति का कब्जा लेकर संभलवाते वक्त यदि नियमान्तर्गत कोई आक्षेप प्राप्त होता है, तो उस आक्षेप का निस्तारण इस कार्यालय से करावें।

2- आदेश प्राधिकृत अधिकारी के शपथ पत्र एवं पेश दस्तावेजात के आधार पर दिये जा रहे है, यदि नियमों के अनुसार किसी प्रक्रिया/प्रावधानों की पालना नहीं की गई है, तो समस्त उत्तरदायित्व प्राधिकृत अधिकारी बैंक का होगा।

निर्णय प्रति तहसीलदार नीमराना, जिला अलवर को भिजवाई जाकर निर्देशित किया जाता है, कि प्रार्थी के पक्ष में रहन रखी गई सम्पत्ति को सिक्योरटाईजेशन एण्ड रीकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002 की धारा–31 के प्रावधानो की पालना करते हुए कब्जे में लेकर प्रार्थी को सम्भलवाया जावें। आदेश की पालना से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि रहन रखी सम्पत्ति के संबंध में किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश न हो। रहन रखी सम्पत्ति को कब्जे में लेते वक्त कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी को पर्याप्त पुलिस जाप्ता मुहैया कराने हेतु निर्णय की प्रति भिजवाई जावें। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल दफ्तर हों।

**निर्णय आज दिनांक 28.11.2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।**

जिला मजिस्ट्रेट अलवर (राज0)

**(डॉ0 जितेन्द्र कुमार सोनी)**
**जिला मजिस्ट्रेट, अलवर**

जिला मजिस्ट्रेट अलवर (राज0)